माननीय सदस्यगण, अब मेरे पास एक ही विकल्प है। सदन में बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं, अब भी उपस्थित हैं, मैं उनका सम्मान करता हूँ। उन्होंने राजनीति मुझसे बहुत ज्यादा देखी है। दुखी मन से, मैं मेरी शपथ से दूर नहीं भाग रहा हूँ, पर जो आज मैंने देखा है, जिस तरीके का व्यवहार सदस्य ने किया है, शारीरिक रूप से किया है, जिस तरीके का व्यवहार इधर से भी हुआ है, मैं कुछ समय के लिए यहाँ बैठने में अपने आप को सक्षम नहीं पा रहा हूँ। मैं दुखी मन से जा रहा हूँ। नमस्कार।

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...*(Interruptions)*... No point of order. ...*(Interruptions)*... Mr. Abdul Wahab, please. ...*(Interruptions)*... Now, Shri Kartikeya Sharma. ...*(Interruptions)*... Nothing else is going on record. ...*(Interruptions)*...

MATTERS RAISED WITH PERMISSION-*(Contd.)*

Demand to establish Defence Maintenance, Repair, and Overhaul (MRO) Hub in Ambala

SHRI KARTIKEYA SHARMA (HARYANA): Sir, this is a request for establishing Defence, Maintenance, Repair and Overhaul Hub in Ambala. आज अंबाला और उसके आसपास के लोगों की लंबे समय से एक पेंडिंग माँग को लेकर मैं हाजिर हुआ हूँ। ...(**व्यवधान**)... महोदय, पिछले कई वर्षों से अंबाला की जनता, वहाँ के युवा, वहाँ के व्यापारी, ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः माननीय सदस्य, आप बड़े वरिष्ठ हैं। यह ज़ीरो ऑवर है, यदि ज़ीरो ऑवर के सब्जेक्ट पर point of order हो, तो मैं सुन सकता हूँ, बाकी कोई और नहीं। प्लीज़, आप बोलें।

श्री कार्तिकेय शर्माः महोदय, पिछले कई वर्षों से अंबाला की जनता, वहाँ के युवा, वहाँ के व्यापारी, कई विभिन्न संघों की यह डिमांड रही है कि अंबाला को एक विकसित औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। बुनियादी ढाँचे की कमी, कमजोर पब्लिक सर्विसेज़ और सीमित आर्थिक अवसरों के कारण अंबाला ने विकास की कोई गति नहीं पकड़ी है। अंबाला का अपना एक महत्व है कि यह एक ऐतिहासिक शहर है। 1857 से लेकर Quit India Movement तक अंबाला का एक बहुत ही महत्वपूर्ण रोल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी विकास हुआ है, लेकिन रेल, रोड, एयर कनेक्टिविटी, ऐसी चीजों के ऊपर काफी ध्यान केंद्रित रहा है। अब समय आ गया है कि इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास भी हो। इसके लिए मैं एक डिमांड रखना चाहता हूँ। मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए, अम्बाला में एक Defence Maintenance, Repair and Overhaul (MRO) Hub की स्थापना के लिए सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ।

महोदय, अम्बाला की ऐसी अनेक विशेषताएँ हैं, जो इसे Defence MRO बनाने हेतु सबसे अच्छा स्थान बनाती हैं और यह हरेक दृष्टिकोण से योग्य है, क्योंकि उसकी air connectivity, rail connectivity और road connectivity बहुत अच्छी है। चाहे मैं NH-1 की बात करूँ या मैं NH-22 की बात करूँ, जो अम्बाला-कालका-शिमला हाईवे है, ये सब चीजें strategically एक ऐसी लोकेशन बनाती हैं, जो कि एक MRO के लिए बहुत ही आवश्यक है। यह डिफेंस ऑपरेशंस के लिए भी बहुत फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि पूरे वेस्टर्न कमांड के लिए और वेस्टर्न एरिया के लिए यह एक स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर है। यहाँ से चंडीगढ़ एयरपोर्ट भी 40 किलोमीटर की दूरी पर है। मैं सदन को यह बात भी बताना चाहता हूँ कि अम्बाला के अन्दर बहुत ही जल्द सिविल एविएशन एयरपोर्ट भी शुरू होने वाला है, तो यह एक आखिरी कड़ी थी, जो अभी पूरी हो गई है।

महोदय, मैं यह निवेदन इसलिए भी करना चाहता हूँ, क्योंकि आसपास के जो इलाके हैं, उनमें व्यवसाय के लिए, नौकरियों के लिए बहुत ही जरूरी आवश्यक प्रोजेक्ट्स हैं, जिनके लगने से पूरे क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही, हमारे क्षेत्र के जो युवा हैं, उनको नौकरियों को लेकर वहां पर जो कमी रही है, उसको भी विकसित होने का मौका मिलेगा। उसके साथ अन्य उद्योग, जैसे - लॉजिस्टिक्स, ट्रेनिंग और भी बहुत सारे ऐसे उद्योग जुड़े हुए हैं, जो उस MRO को सपोर्ट करेंगे। हमारे पास थल सेना और एयरफोर्स के लिए भी, वहां पर एक बहुत ही अच्छी परिस्थिति बन सकती है, जिसका फायदा पूरे के पूरे अम्बाला क्षेत्र को और पूरे के पूरे नॉर्दर्न रीजन को मिलेगा।

मैं आपके माध्यम से यही निवेदन करना चाहता हूँ कि वहाँ एक MRO grant किया जाए, ताकि अम्बाला और अम्बाला के आसपास के क्षेत्रों को इसका फायदा मिल सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापतिः धन्यवाद, माननीय कार्तिकेय शर्मा जी।

The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Member, Shri Kartikeya Sharma: Shri Madan Rathore (Rajasthan), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Shri Niranjan Bishi (Odisha) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

Now, Shri Abdul Wahab, "Demand to establish CGHS Wellness Centres in the Districts of Thrissur, Palakad and Malappurmam and empanelment of Super Specialty Hospitals under CGHS in Kerala."

Demand to establish CGHS Wellness Centres in the districts of Thrissur, Palakad and Malappurmam and empanelment of Super Specialty Hospitals under CGHS in Kerala

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Sir, I would like to draw the kind attention of the Government towards pressing demand of the people of Kerala for setting up of CGHS Wellness Centres in my district, Malappurmam, Thrissur and Palakad. These districts are most densely populated area where a number of Central Government offices are